


# धर्म गार्जियन 2023



## चर्चा में क्यों ?

- भारत तथा जापान के बीच चौथा संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्जियन जापान के शिगा प्रांत के कैम्प इमाजू में आयोजित किया गया।

## धर्म गार्जियन: एक परिचय



- वर्तमान वैश्विक स्थिति के परिदृश्य में दोनों देशों के समक्ष चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए जापान के साथ यह वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्णायक और महत्वपूर्ण है।
- इस अभ्यास में जंगल तथा अर्ध शहरी या शहरी इलाकों के अभियानों पर प्लाटून स्तर के संयुक्त प्रशिक्षण दिए जाते हैं।
- इस वर्ष इस अभ्यास में भारतीय सेना के गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट के सैनिक और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स की मिडिल आर्मी ने भाग लिया।
- दोनों देशों के सैनिकों ने अंतर-संचालनीयता और कार्यान्वयन को बढ़ाने के लिए विभिन्न अभियानों में अर्जित अपने अनुभवों को साझा किया।

## विभिन्न अभियानों का प्रशिक्षण



- इस अभ्यास में भागीदारी करने वाले सैनिकों ने हवाई परिसंपत्तियों के काम सहित साझा योजना से लेकर साझा युद्ध नीति ड्रिल्स, एकीकृत चौकसी ग्रिड्स बनाने की बुनियादी जानकारी के विभिन्न अभियानों का प्रशिक्षण लिया ।